CHAHAL ACADEMY
LEARN TODAY! LEAD TOMORROW!
96259-93995

EGT-D-MDCS

चिकित्सा-विज्ञान / MEDICAL SCIENCE

प्रश्न-पत्र II / Paper II

निर्धारित समय : तीन घंटे Time Allowed : **Three** Hours	अधिकतम अंक : **250** Maximum Marks : **250**

प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :

*इसमें आठ प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हुए हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

जहाँ कहीं भी आवश्यक समझें, उचित चित्र व रेखाचित्र द्वारा अपने उत्तरों की व्याख्या कीजिए । इस हेतु रंगीन पेंसिलों का प्रयोग किया जा सकता है ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

Question Paper Specific Instructions

Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

The number of marks carried by a question / part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Illustrate your answers with suitable sketches and diagrams, wherever considered necessary. Coloured pencils may be used for the purpose.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

खण्ड A

SECTION A

Q1. (a) (i) तीव्र यकृत्शोथ के कारणों को गिनाइए ।

(ii) चिरकारी यकृत्शोथ-सी संक्रमण के स्वाभाविक वृत्त और रोगलक्षण-अभिव्यक्तियाँ क्या होती हैं ?

(iii) ऐसे कौन-कौन से वाइरल-रोधी एजेंट हैं जो यकृत्शोथ-सी संक्रमण पर सीधे कार्य करते हैं ?

(i) Enumerate the causes of acute hepatitis.

(ii) What are the natural history and clinical manifestations of chronic hepatitis-C infection ?

(iii) What are the direct acting antiviral agents for hepatitis-C infection ? *3+3+4=10*

(b) एक 10 माह का शिशु जिसे "फैलोट्स चतुष्क" है, बालचिकित्सा आपातकालीन वार्ड में लाया जाता है । उसका इतिवृत्त अत्यधिक रोना और उसके बाद कष्ट-श्वासित होना, उनिंदा हो जाना है और नीला पड़ जाना है ।

(i) इस शिशु में संभावित निदान क्या है ? इस निदान तक पहुँचने का आधार भी दीजिए ।

(ii) इस अवस्था के प्रबंधन का वर्णन कीजिए ।

A 10-month-old infant with "Tetralogy of Fallot" is brought to the paediatric emergency ward with history of excessive crying and then becoming dyspneic, drowsy and bluish.

(i) What is the likely diagnosis in this infant ? Mention the basis for diagnosis.

(ii) Describe the management of this condition. *5+5=10*

(c) (i) "द्विध्रुवी विकार" के हेतु-विकृतिजनन, रोगलक्षणों तथा प्रबंधन का वर्णन कीजिए ।

(ii) सामान्यत: इस्तेमाल की जाने वाली मनोविक्षिप्ति-रोधी औषधियों के अनुषंगी प्रभावों को गिनाइए ।

(i) Describe the aetio-pathogenesis, clinical features and management of "Bipolar Disorder".

(ii) Enumerate the side effects of commonly used anti-psychotic drugs.

7+3=10

(d) बालचिकित्सा ओ.पी.डी. में आए एक 16 माह के बालक को प्रवाहिका और श्वसन संक्रमणों के होते रहने का पूर्ववृत्त है । उसका वज़न 5·5 किलोग्राम है और उसकी अधस्त्वक् वसा का लोप हो चुका है ।

(i) इस बालक में कौन-से शारीरिक परीक्षण और खोजें उपयुक्त निदान तक पहुँचने में सहायक होंगी ?

(ii) इस दशा के इलाज की दो प्रावस्थाओं का वर्णन कीजिए ।

A 16-month-old child attending Paediatrics OPD with past history of diarrhoea and respiratory infections was found to have loss of subcutaneous fat and weight of 5·5 kilograms.

(i) Which physical examination findings would help you to arrive at diagnosis in this child ?

(ii) Describe the two phases of treatment for this condition. *5+5=10*

(e) (i) क्लासिकल स्केबीज़, "क्रस्टिड" (पपड़ीदार) स्केबीज़ संक्रमण से किस प्रकार भिन्नता रखती है ?

(ii) संस्थानिक परिवेश में "क्रस्टिड" (पपड़ीदार) स्केबीज़ संक्रमण का आप किस प्रकार इलाज करते हैं ?

(i) How does Classical scabies differ from "Crusted" scabies infection ?

(ii) How do you treat "Crusted" scabies infection in an institution ?

5+5=10

Q2. (a) अवटु अल्पक्रियता से रुग्ण मध्यम वय की एक महिला, जो दवा लेने में अनियमितता बरतती रही है, दो दिन पहले बुखार आने की घटना के बाद उनिंदा हो गई थी ।

(i) इस रोगी में उनिंदापन के क्या-क्या कारण हो सकते हैं ?

(ii) आप इस रोगी का निदान और प्रबंधन कैसे करेंगे ?

(iii) अवटु अल्पक्रियता में हृद्वाहिकीय अभिव्यक्तियों के बारे में बताइए ।

A middle-aged hypothyroid woman on irregular medication became drowsy two days ago following an episode of fever.

(i) What could be the causes of drowsiness in this patient ?

(ii) How will you diagnose and manage the patient ?

(iii) State cardio-vascular manifestations in hypothyroidism. *4+6+5=15*

(b) एक 10 माह का शिशु जिसे पिछले दो दिनों से नासिका से जलीय विसर्जन हो रहा है, विगत एक दिवस से उसकी श्वसन गति तेज हो गई है, वक्ष आकुंचित हो गया है और उसने माँ का दूध लेना कम कर दिया है ।

(i) इस रोगी में संभावित निदान बताइए ।

(ii) इस दशा के लिए सूक्ष्मजीवी कारकों के नाम गिनाइए ।

(iii) इस दशा में की जाने वाली जाँचों और प्रबंधन पर चर्चा कीजिए ।

A 10-month-old infant having watery nasal discharge for the last 2 days developed rapid breathing, chest retraction and decreased feeding over the last one day.

(i) What is the likely diagnosis in this patient ?

(ii) Enumerate the microbiological agents for this condition.

(iii) Discuss the investigations and management of this condition. *15*

(c) (i) विटिलिगो के विकृतिजनन की व्याख्या करने हेतु प्रस्तावित विविध थियोरियों का वर्णन कीजिए ।

(ii) विटिलिगो की गंभीरता का आकलन कैसे किया जाता है ?

(iii) रोग की भिन्न-भिन्न श्रेणियों में उसके उपचार की क्या रूपरेखा होती है, उसका वर्णन कीजिए ।

(i) Describe various theories which have been proposed to explain the pathogenesis of vitiligo.

(ii) How do you assess the severity of vitiligo ?

(iii) Describe the lines of treatment of various grades of the disease.

5+5+10=20

Q3. (a) एक युवा पुरुष रोगी ज्वर, सिरदर्द और बार-बार उठ रही उल्टी के साथ काय-चिकित्सा आपातकालीन विभाग में पहुँचता है । उसकी दोनों टांगों और उदर पर कुछ त्वचीय विक्षप्तियाँ हैं । नैदानिक जाँच करने पर वह उनिंदा पाया गया है और उसे ग्रीवा कठोरता भी है ।

(i) उसका विभेदक निदान क्या है ?

(ii) तीव्र मस्तिष्कावरण शोथ के चिकित्सकीय अभिलक्षणों, निदान तथा प्रबंधन की संक्षेप में विवेचना कीजिए ।

(iii) प्रत्यावर्ती मस्तिष्कावरण शोथ के क्या-क्या कारण हो सकते हैं ?

A young male patient came to the medical emergency department with fever, headache and recurrent vomiting. He was also having some skin lesions on both lower limbs and abdomen. On clinical examination, he was drowsy and having neck rigidity.

(i) What is his differential diagnosis ?

(ii) Discuss in brief the clinical manifestations, diagnosis and management of acute meningitis.

(iii) What are the causes of recurrent meningitis ? *3+7+5=15*

(b) सीज़ेरियन सेक्शन से जन्मे 32 सप्ताह के प्रीटर्म नवजात शिशु में जन्म लेने के आधे घंटे के भीतर श्वसन-दर 70 प्रति मिनट है, उसे ग्रंटिंग हो रही है और साथ ही श्यावता है ।

(i) इस नवजात शिशु में सर्वाधिक संभावित निदान क्या है ?

(ii) इस अवस्था के प्रबंधन का वर्णन कीजिए ।

(iii) इस अवस्था की महत्त्वपूर्ण जटिलताओं के बारे में लिखिए ।

A 32-week preterm neonate born by a Caesarian section is found to have a respiratory rate of 70/minute, grunting and cyanosis within half an hour of birth.

(i) What is the most likely diagnosis in this neonate ?

(ii) Describe the management of this condition.

(iii) Write about its important complications. *2+10+8=20*

(c) एक युवा महिला पीड़कनाशी ग्रहण करने के बाद आपातकालीन विभाग में पहुँचती है । उसके मुख और नासिका से बहुत अधिक झाग आ रहा है ।

(i) इस युवती ने संभवतया कौन-सा पीड़कनाशी लिया होगा ?

(ii) इस युवती में क्या-क्या चिकित्सकीय लक्षण दृष्टिगत होंगे और इस रोगी के प्रबंधन के लिए क्या-क्या करना होगा ?

(iii) ऐसे रोगियों में होने वाले "मध्यवर्ती संलक्षण" को परिभाषित कीजिए तथा उसके प्रबंधन के विषय में बताइए ।

A young woman presented to the emergency department with a history of pesticide intake. She has massive frothing from the mouth and nose.

(i) Which is the pesticide she is likely to have consumed ?

(ii) State what would be the clinical features and management in this patient.

(iii) Define the "Intermediate Syndrome" which may occur in this setting and its management. *3+6+6=15*

Q4. (a) एक 13 माह के बालक को, जिसे छह बार पतला शौच आया है और निरंतर वमन हो रहा है, उसकी माँ आपातकालीन वार्ड में लेकर आती है । शारीरिक जाँच करने पर यह बालक निश्चेष्ट है और उसकी नाड़ी दर 160 प्रति मिनट है ।

(i) उसकी रुग्णता की गंभीरता के आकलन हेतु कौन-कौन से ख़तरनाक चिह्नों के बारे में पूछा जाना चाहिए और देखा जाना चाहिए ?

(ii) यदि इस बालक में तीव्र निर्जलीभवन के लक्षण हैं, तो उसका उपचार कैसे करेंगे ?

(iii) यदि बालक की स्थिति अस्पताल से छुट्टी पाने लायक हो गई है, फिर भी उसे 2 – 3 बार पतला शौच हुआ है, तब इस बालक की माता को आप क्या सलाह देंगे ?

A 13-month-old boy was brought by his mother with six episodes of loose stools and persistent vomiting to the emergency ward. He was found to be lethargic and his pulse rate was 160 per minute.

(i) What are the danger signs you would ask for and look for in this child to assess the severity of his illness ?

(ii) If you find severe dehydration, how will you treat the child ?

(iii) If the child is fit to be discharged, yet has 2 – 3 episodes of loose stools, what advice would you give to the mother ? *5+5+5=15*

(b) (i) अतिरक्तदाब को वर्गीकृत करने से संबंधित वर्तमान मार्गदर्शक निर्देश क्या हैं ?

(ii) द्वितीयक अतिरक्तदाब के कारण गिनाइए ।

(iii) कार्य-यांत्रिकी के आधार पर विभिन्न अतिरक्तदाब-रोधी दवाओं के नाम गिनाइए ।

(i) What are the current guidelines regarding the classification of hypertension ?

(ii) Enumerate the causes of secondary hypertension.

(iii) Enumerate the various anti-hypertensive drugs based on their mechanism of action. *8+6+6=20*

(c) एक 70-वर्षीय पुरुष, जो विगत दो सप्ताह से ऊर्वस्थि ग्रीवा अस्थिभंग के कारण शय्याग्रस्त है, आकस्मिक हाँफने और अल्परक्तदाब से काय-चिकित्सा आपातकालीन विभाग में लाया जाता है ।

(i) ऐसे में संभावित निदान क्या है ?

(ii) आप इस रोगी का रोग-निदान कैसे करेंगे ?

(iii) इस रोगी का प्रबंधन क्या होगा ?

A 70-year-old male, bed-ridden for the last 2 weeks following a fracture of the femoral neck, presented to the medical emergency department with sudden breathlessness and hypotension.

(i) What is the likely diagnosis ?

(ii) How would you diagnose this patient ?

(iii) What would be the management for this patient ? *3+6+6=15*

खण्ड B

SECTION B

Q5. (a) एक 40-वर्षीय महिला ओ.पी.डी. में दाएँ स्तन की गाँठ की समस्या के साथ आती है । यह गाँठ उसे विगत एक वर्ष से है और उसके आकार में निरंतर वृद्धि हो रही है ।

(i) इस महिला रोगी का आप कैसे मूल्यांकन करेंगे ?

(ii) "प्रारंभिक स्तन कैंसर" के उपचार की संक्षेप में रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए ।

A 40-year-old lady presents in the OPD with complaint of right breast lump for the last one year which is progressively increasing in size.

(i) How will you evaluate this patient ?

(ii) Briefly outline the treatment of "early breast cancer". *5+5=10*

(b) एक 25-वर्षीय युवा रोगी जिसे विगत 3 घंटों से पेट में तीव्र पीड़ा हो रही है, आपातकालीन विभाग में पहुँचता है । चिकित्सकीय जाँच करने पर वह अभिमुख है, किंतु उसमें निर्जलीकरण के लक्षण हैं, उसकी हृदयगति बढ़ी हुई है तथा उसका रक्तदाब 90/60 mm Hg है ।

(i) इस रोगी के विभेदक निदान पर चर्चा कीजिए ।

(ii) आप इस रोगी की जाँच-पड़ताल कैसे करेंगे ?

(iii) पेप्टिक व्रण छिद्रण से उत्पन्न पर्युदर्याशोथ के प्रबंधन की रूपरेखा संक्षेप में बताइए ।

A 25-year-old young patient is presented to the emergency department with severe pain in abdomen for the last 3 hours. On clinical examination, the patient is oriented, but is dehydrated, having tachycardia with a blood pressure of 90/60 mm Hg.

(i) Discuss the differential diagnosis of this patient.

(ii) How will you investigate the case ?

(iii) Briefly outline the management of peptic ulcer perforation peritonitis. *3+2+5=10*

(c) (i) मिश्रित मुखीय गर्भनिरोधक कैसे कार्य करते हैं ?

(ii) एक महिला कितने समय तक लगातार मिश्रित मुखीय गर्भनिरोधक पर निर्भर रह सकती है ?

(iii) मासिक धर्मी चक्र पर मिश्रित मुखीय गर्भनिरोधक क्या प्रभाव डालते हैं ?

(iv) "ब्रेकथ्रू ब्लीडिंग" का क्या अभिप्राय है ? उसके होने के आम कारण क्या-क्या हैं ?

(i) How do combined oral contraceptives (COC) work ?

(ii) How long can a woman stay on COC ?

(iii) What effect do the COC have on the menstrual cycle ?

(iv) What is meant by "breakthrough bleeding" ? What are its common causes ? *3+2+2+3=10*

(d) "अव्याख्येय" जननअक्षमता के संभावित कारण क्या-क्या हैं ?

What are the possible reasons for "unexplained" infertility ? *10*

(e) (i) जानपदिक रोगविज्ञान की दृष्टि से देश के विभिन्न भागों में डेंगू फैलने के क्या-क्या कारक हैं, संक्षेप में विवेचना कीजिए ।

(ii) डेंगू की रोकथाम और नियंत्रण हेतु राष्ट्रीय रोगवाहक जात रोग नियंत्रण कार्यक्रम निदेशालय द्वारा निर्धारित किए गए मार्गदर्शक निर्देशों की संक्षेप में विवेचना कीजिए ।

(i) Discuss in brief the epidemiological factors which have led to the spread of dengue in different parts of the country.

(ii) Discuss in brief the guidelines laid down by the Directorate of National Vector Borne Diseases Control Programme for the prevention and control of dengue. *5+5=10*

Q6. (a) अपरा-पृथक्भवन के पश्चात् एक महिला जो 28 सप्ताह के गर्भ से है, का प्रसव कराते समय आप किन-किन मुद्दों पर उसकी काउंसलिंग करेंगे ?

Write notes on issues you would raise in counselling a woman about to be delivered at 28 weeks gestation after placental abruption. *20*

(b) एक 40-वर्षीय पुरुष रोगी, जिसे समय-समय पर विगत 4 माह से रक्तमेह होता रहा है, आता है ।

(i) रक्तमेह के कारण गिनाइए ।

(ii) इस रोगी में रोगनिदान तक पहुँचने के लिए, आप उसकी जाँच-परीक्षण कैसे करेंगे ?

(iii) वृक्क पथरी के उपचार की विवेचना कीजिए ।

A 40-year-old male patient is presented with hematuria off and on for the last 4 months.

(i) Enumerate the causes of hematuria.

(ii) How will you investigate the patient to reach the diagnosis ?

(iii) Discuss the treatment of renal stones. *5+5+5=15*

(c) (i) राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 से उपलब्ध हुए आँकड़ों के अनुसार भारत में पोषणज अरक्तता की समस्या कितनी गंभीर है ? आँकड़ों को साक्ष्य के रूप में देते हुए अपने कथन का प्रमाणीकरण कीजिए ।

(ii) "राष्ट्रीय लोह+ पहल" के अंतर्गत किन-किन विशिष्ट समूहों को विशेषकर लक्ष्य में रखा गया है ?

(iii) "राष्ट्रीय लोह+ पहल" के अंतर्गत लक्ष्य में रखे गए प्रत्येक एक समूह के लिए क्या-क्या विशेष मध्यस्थाएँ (उपाय) करने का प्रावधान है ?

(iv) "राष्ट्रीय लोह+ पहल" के परिपालन के लिए सेवाएँ देने हेतु क्या-क्या कार्य-पद्धतियाँ अमल में लाई जा रही हैं ?

(i) As per the National Family Health Survey-4, how grave is the situation in India with regard to Nutritional Anaemia. Give statistics substantiating your statement.

(ii) Under the "National Iron+ Initiative", which are the specific groups being specially targeted ?

(iii) What specific interventions are being employed for different target groups under the National Iron+ Initiative ?

(iv) What are the mechanisms of service delivery being employed to implement the National Iron+ Initiative ? *3+3+6+3=15*

Q7. (a) अध: पादों की स्फीत शिराओं के हेतुकी-विकृतिजनन, चिकित्सकीय लक्षण, जाँच-परीक्षण तथा प्रबंधन का वर्णन कीजिए ।

Describe the aetio-pathogenesis, clinical features, investigations and management of varicose veins of lower limbs. *5+5+5+5=20*

(b) (i) "मिशन इंद्रधनुष" कार्यक्रम को स्थापित करने के पीछे का आधार संक्षेप में बताइए । मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम के लक्ष्य तथा अंतिम ध्येय क्या-क्या हैं ?

(ii) अभी हाल में सरकार ने "तीव्रीकृत (इंटेंसीफाइड) मिशन इंद्रधनुष" कार्यक्रम का शुभारंभ किया है । इसे लागू करने में शासन क्या विचारधारा, क्या विशेष केंद्रबिंदु तथा क्या क्रियान्वयन योजना व्यवहार में ला रहा है, इसकी विवेचना कीजिए ।

(i) Briefly state the basis which led to setting up of the programme "Mission Indradhanush". What are its targets and eventual goals ?

(ii) More recently, the government has launched "Intensified Mission Indradhanush". Discuss the thoughtline, specific focus, and operative strategy which govern its implementation. *6+9=15*

(c) एक 45-वर्षीय बहुप्रसविता महिला को विगत दो वर्ष से अत्यधिक व अनियमित रजोधर्म होने तथा बढ़ती जा रही थकान की समस्या है । चिकित्सकीय परीक्षण पर उसको पीला पाया गया है । उसके गर्भाशय का आकार बढ़कर 12 सप्ताह के माप पर है । उसकी गर्भाशयग्रीवा तथा उपांग सामान्य हैं । आप रोगी का प्रबंधन कैसे करेंगे, कारण सहित वर्णन कीजिए ।

A 45-year-old multiparous woman presents with a 2-year history of heavy, irregular periods and increasing tiredness. On clinical examination, she appears pale. The uterus is enlarged to 12 weeks in size. The cervix and adnexae are unremarkable. Describe, giving reasons, how you would manage the case. *15*

Q8. (a) देश के सामने उच्च मातृ मृत्यु दर आज भी एक प्रमुख जन स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है । इसे प्रसंगगत रखते हुए निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) "मातृ मृत्यु दर" (एम.एम.आर.) की परिभाषा क्या है ? देश में मातृ मृत्यु के प्रमुख कारण बताइए ।

(ii) अभी हाल के आंकड़े यह दर्शाते हैं कि देश में मातृ मृत्यु दर में काफ़ी कमी आयी है । भारत में मातृ मृत्यु दर में हुई इस अनुकूल गिरावट में सरकार द्वारा चलाए जा रहे कौन-कौन से कार्यक्रमों का योगदान रहा है, कारण देते हुए संक्षेप में बताइए ।

(iii) सरकार ने देश के विभिन्न राज्यों को विशेष प्रकार से वर्गीकृत किया है जिससे कि भूमिगत स्थितियों और उसके द्वारा किए जा रहे उपायों से आने वाले परिवर्तनों को पहचाना जा सके । संक्षेप में इस रणनीति की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए तथा उसके लाभों पर प्रकाश डालिए ।

A high maternal mortality rate continues to be a major public health challenge before the country. Keeping that in context, answer the following questions :

(i) How is "Maternal Mortality Rate" (MMR) defined ? State the major causes of maternal mortality in the country.

(ii) The recent data indicates a major decline in MMR in the country. Briefly state, with due reasons, the various governmental initiatives which have led to this favourable decline in maternal mortality rate in India.

(iii) The government has grouped the different states in the country in a specific manner to obtain a greater understanding of the ground situation and to map the changes following its initiatives. Briefly outline this strategy, and its benefits. *7+8+5=20*

(b) (i) प्रसामान्य सगर्भता तथा असामान्य सगर्भता में मानवीय कोरिओनिक गोनेडोट्रोपिन में होने वाली वृद्धि के विन्यास में क्या अंतर पाया जाता है ?

(ii) अधिकांश घर पर सगर्भता परीक्षण कितने सही होते हैं ?

(iii) सगर्भता परीक्षणों के मिथ्या पॉजिटिव और मिथ्या नेगेटिव होने के सबसे आम कारण क्या हैं ?

(i) How does the pattern of rise in human chorionic gonadotropin (HCG) differ between a normal and abnormal pregnancy ?

(ii) How accurate are most home pregnancy tests ?

(iii) What are the most common causes of false positive and false negative pregnancy tests ? *5+5+5=15*

(c) (i) बृहदान्त्रदर्शन के संकेतों और जटिलताओं को गिनाइए ।

(ii) अभिघात में प्राथमिक सर्वेक्षण के सिद्धांत की रूपरेखा बताइए ।

(iii) "लैपरोस्कोपिक सर्जरी" के लाभ और हानियाँ गिनाइए ।

(i) Enumerate the indications and complications of colonoscopy.

(ii) Outline the principle of primary survey in trauma.

(iii) Enumerate the advantages and disadvantages of "laparoscopic surgery". *5+5+5=15*